किसान परेशान, कालाबाजारी करने वाले मालामाल !

बंडोल में खाद-बीज घोटाले पर कृषि विभाग की कार्रवाई से मचा हड़कंप

सिवनी नवभारत। सिवनी। खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही जिले के किसान खाद और बीज की उपलब्धता को लेकर परेशान हैं। कई स्थानों पर किसानों को समय पर खाद नहीं मिल रही है, तो कहीं उन्हें लंबी कतारों में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसे समय में बंडोल क्षेत्र से सामने आए खाद-बीज की दो दुकान सहित गोदाम की कालाबाजारी के मामले ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है।

कृषि विभाग द्वारा बंडोल क्षेत्र के दो गोदामों पर की गई छापामार कार्रवाई में भारी मात्रा में यूरिया सहित अन्य कृषि सामग्री जब्त कर दोनों गोदामों को सील किया गया है। कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि इन गोदामों का संचालन अमित साहू और रोहित साहू द्वारा किया जाता है। और ऐसे लोग लगातार कालाबाजारी कर रहे हैं जिससे बंडोल क्षेत्र सहित पूरे जिले की किसान की परेशानी और भी बढ़ रही है और किसान खाद के लिए भटक रहे, कालाबाजारी करने वालों के गोदाम भरे मिलने के बाद अब किसानों में भी आक्रोश दिखाई दे रहा है और सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब जिले का किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहा है, तब आखिर भारी मात्रा में खाद निजी गोदामों में कैसे जमा हो गई ? यदि किसानों को मिलने वाली खाद का अवैध भंडारण किया जा रहा था तो यह सीधे तौर पर किसानों के अधिकारों पर डाका डालने जैसा है। किसानों का कहना है कि उन्हें समय पर खाद नहीं मिल रही, जबकि दूसरी ओर कुछ लोगों के गोदामों में बड़ी मात्रा में खाद का भंडारण मिलना गंभीर मामला बताया जा रहा है !

सरकार किसानों के लिए कर रही प्रयास, लेकिन जमीनी स्तर पर फेल हो रही व्यवस्था

केंद्र और राज्य सरकार लगातार किसानों को राहत देने और खेती के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की बात कर रही हैं। करोड़ों रुपये की योजनाएं किसानों के हित में चलाई जा रही हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कालाबाजारी और अवैध भंडारण जैसी गतिविधियां सरकारी प्रयासों पर सवाल खड़े कर रही हैं। यदि खाद और बीज जरूरतमंद किसानों तक पहुंचने के बजाय गोदामों में जमा हो रहे हैं, तो यह पूरी व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है।

कार्रवाई के बाद लेन-देन की चर्चाओं ने बढ़ाई हलचल कार्रवाई के बाद क्षेत्र में यह चर्चा भी जोरों पर है कि मामले को दबाने और रफादफा करने के लिए कथित तौर पर बड़ी रकम के लेन-देन की कोशिशें की जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार करीब ढाई लाख रुपये के कथित लेन-देन की चर्चा पूरे क्षेत्र में बनी हुई है। हालांकि इन आरोपों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इन चर्चाओं ने कृषि विभाग की कार्यप्रणाली और निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इनका कहना है

हमारे द्वारा सूचना के आधार पर बंडोल क्षेत्र के में बस स्टैंड स्थित कृषि दुकान और दो गोदाम को सील किया गया है कार्रवाई जारी है

पवन कुमार कोरव
सहायक संचालक कृषि विभाग सिवनी

कृषि विभाग की भूमिका भी जांच के घेरे में जिला कलेक्टर क्या कार्रवाई करेंगे

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि क्षेत्र में लंबे समय से खाद-बीज की कालाबाजारी चल रही थी, तो संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी क्यों नहीं थी। वहीं अब कार्रवाई के बाद सामने आ रही चर्चाओं ने विभाग की भूमिका को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। लोगों की मांग है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए ताकि किसानों के हक पर डाका डालने वालों के साथ-साथ यदि किसी अधिकारी की भूमिका संदिग्ध हो तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई हो सके। और किस की परेशानी देखते हुए किसानों का कहना है किआखिर कब रुकेगी कालाबाजारी? जिससे किसानों को आसानी से खाद बीज मिल सके। जिले के किसान आज भी खाद और बीज के लिए परेशान हैं। खेती का समय निकलता जा रहा है और किसान सरकारी व्यवस्था की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। ऐसे में बंडोल का यह मामला केवल एक कार्रवाई नहीं, बल्कि जिले में खाद-बीज वितरण व्यवस्था की हकीकत को उजागर करने वाला मामला बन गया है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी पारदर्शिता और सख्ती दिखाता है तथा किसानों को उनका हक दिलाने के लिए जिला कलेक्टर सहित जिले के जनप्रतिनिधि और अन्य लोग तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

नाबालिग बरामद, दो बच्चे मिले, 30 गौवंश मुक्त

सिवनी पुलिस की बड़ी सफलता, बिना परमिट बस पर भी जुर्माना

सिवनी नवभारत। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा एसडीओपी सिवनी सचिन परते के निर्देशन में जिले की पुलिस ने विभिन्न मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय सफलताएं हासिल की हैं। नाबालिगा की बरामदगी से लेकर लापता बच्चों को खोज निकालने, अवैध रूप से ले जाए जा रहे गौवंशों को मुक्त कराने तथा बिना वैध परमिट संचालित बस पर कार्रवाई तक पुलिस की सक्रियता देखने को मिली है।

डुण्डासिवनी थाना प्रभारी निरीक्षक चैनसिंह उइके के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। बालिका 17 मई को अपने घर से लापता हो गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी सहायता से उसकी लोकेशन पहले महाराष्ट्र के पुणे और बाद में उत्तरप्रदेश के जौनपुर में ट्रेस की। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया। जांच में सामने आया कि आरोपी सूरज कुमार (19) निवासी जौनपुर ने शादी का झांसा देकर बालिका को अपने साथ ले गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक निसार खान, देवेन्द्र जायसवाल, आरक्षक अखिलेश माहोरे, रामानंद चौरिया, अंशुमन राजपूत एवं फरहीन खान की विशेष भूमिका रही।

वहीं कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व में पुलिस ने लापता हुए 5 वर्षीय बालिका एवं 3 वर्षीय बालक को मात्र एक घंटे के भीतर सकुशल खोजकर परिजनों को सौंप दिया। बच्चों के घर से लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल खोजबीन शुरू की और कम समय में दोनों बच्चों को सुरक्षित बरामद कर लिया। परिजनों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

एक अन्य कार्रवाई में कोतवाली पुलिस ने छिंदवाड़ा रोड बायपास पर मुखबिर सूचना के आधार पर एक आईसर ट्रक को रोका। जांच में ट्रक के भीतर 30 गौवंशों को क्रूरता पूर्वक ठूंसकर ले जाया जा रहा था। पुलिस को देखकर आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। सभी गौवंशों को मुक्त कराकर चिकित्सकीय परीक्षण के बाद दयोदय गौशाला, बीझावाड़ा में सुरक्षित पहुंचाया गया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सतीश तिवारी, एसआई राजेश शर्मा, एएसआई देवेन्द्र जायसवाल, आरक्षक प्रतीक बघेल, रविंद्र सिंह, सौरभ सिंह, लोकेश, संतोष साहू एवं रत्नेश शामिल रहे।

उधर यातायात थाना प्रभारी विजय बघेल के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने बिना वैध परमिट के संचालित एक यात्री बस पर सख्त कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। बस स्टैंड के बाहर सड़क पर सवारी भर रही बस की जांच के दौरान उसके पास वैध परमिट नहीं पाया गया। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक नानकराम पाल, आरक्षक राजेश सरयाम एवं आरक्षक चालक पंकज शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इन सभी मामलों में पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सक्रियता से आमजन में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

एक नजर में

कांग्रेस कार्यालय में काव्य गोष्ठी का आयोजन आज

सिवनी। क्रांति सूर्य महा मानव बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 9 जून 2026 दिन मंगलवार को सायं 4.00 बजे से जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर महान दिवंगत शायर स्वर्गीय मशहूर बद्र साहब को भी याद किया जाएगा। उक्तशय की जानकारी देते हुए राजीव गांधी पंचायत राज संगठन एवं सुभद्रा कुमारी चौहान स्मृति मंच सिवनी के अध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल ने समस्त साहित्य प्रेमियों से इस अवसर पर उपस्थिति का अनुरोध किया है।

एकल का पौधारोपण कार्यक्रम अनुकरणीय पहल : एसपी

सिवनी। एकल अभियान पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भीमगढ में उपस्थित रहे नवागत पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी ने पौधारोपण कर एकल पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर एकल अंचल सिवनी के प्रत्येक संच ने 50 पौधे लगाने का संकल्प लिया।जिसमें अंचल सिवनी 500 पेड लगाएगा।नवागत पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने इस अवसर पर एकल के शैक्षणिक प्रभाग का मार्गदर्शन भी किया।साथ ही बढते तापमानके लिए वृक्षारोपणकी अनिवार्यता पर विस्तार से चर्चा की।इस अवसर पर एकल भाग अध्यक्ष सतपुड़ा, डॉ के के चतुर्वेदी ने अपने वक्तव्य में सतत पौधारोपण बरसात के शुरू होते ही करने का संकल्प दोहराया।कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय ने प्रत्येक स्कूल प्रांगण को हरा भरा रखने पर जोर देते हुए कहा पौधारोपण आज/कल और भविष्य की आवश्यकता है। पौधारोपण कार्यक्रम में एकल अभियान महाकौशल संभाग महिला प्रमुख शांति पटेल,सतपुड़ा भाग कार्यालय प्रमुख श्री सूरज पटले,योगेश गोस्वामी रथ योजना प्रमुख अभियान प्रमुख विनय बाजपेयी, बैतलबैसले दुरगेश्वरीदीदी,रानू राहुल जंघेला, पुन्न लाल,अमन,बिटटू ठाकुर, खेम सिंह कुमरे राजेन्द्र चीचले,संच व्यास प्रेमलाल जी,घनश्याम परते,विपिन भारती सहित कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा प्रसाद जी रामसाधक ने किया।

15 जून तक दर्ज करा सकेंगे दावे-आपत्तियां, 18 जुलाई को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

सिवनी। नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार प्रारूप मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियां अब 15 जून 2026 तक स्वीकार की जाएंगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 25 जून 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद संशोधित कार्यक्रम के तहत फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 18 जुलाई 2026 को निर्धारित विहित स्थानों पर किया जाएगा।

देवरी में चल रही भागवत कथा का समापन

सिवनी नवभारत। ग्राम देवरी में 01 जून से 08 जून तक आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण में समापन हुआ। कथा का आयोजन श्री रामकृष्ण सिंह बघेल एवं समस्त बघेल परिवार द्वारा निज निवास, ग्राम देवरी में किया गया।

कथा के दौरान परम श्रद्धेय पंडित श्री भानु कृष्ण शास्त्री ने श्रीमद् भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया।

कथा के प्रथम दिवस गोकर्ण व्याख्यान एवं भागवत श्रवण की महिमा का वर्णन किया गया। वहीं आगामी दिनों में नारद-व्यास संवाद, प्रह्लाद चरित्र, नरसिंह अवतार, गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, श्रीराम अवतार, श्रीकृष्ण जन्म, नंदोत्सव, गोवर्धन लीला, रासलीला, कंस वध, रुक्मिणी विवाह तथा सुदामा चरित्र जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

कथा के अंतिम दिवस परीक्षित मोक्ष, हवन-पूजन एवं पूर्णाहुति संपन्न हुई। 08 जून को जवारे विसर्जन एवं विशाल प्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त किया। धार्मिक आयोजन से ग्राम देवरी एवं आसपास के क्षेत्र में भक्ति एवं श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

खबर प्रकाशन के बाद शिक्षा विभाग में मचा हड़कंप

सूचना का आधिकार अधिनियम की प्राचार्यों ने उड़ाई धज्जियां , बड़ी वित्तीय अनियमितता किए जाने का लग रहा आरोप

गणेशगंज नवभारत। लखनादौन विकासखंड अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्कूलों में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदक द्वारा विभिन्न स्कूलों से जानकारी चाही गई थी जिस पर स्कूल प्रशासन द्वारा किसी भी तरह से न जानकारी उपलब्ध कराई गई और न ही आवेदन पत्र का 30 दिवस के अंदर जवाब दिया गया। जिस संबंध की खबर अखबार पर प्रकाशित होते ही तिलमिलाए प्राचार्यों ने आवेदक को कॉल कर दी सफाई।

विदित हो आवेदक द्वारा अप्रैल माह में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत (आरटीआई) लगाई गई थी। जिसमें विगत वर्षों में विभिन्न मदों से प्राप्त आय तथा व्यय के बिल बाउचर की प्रमाणित छायाप्रति व सभी रिकॉर्ड की जानकारी चाही गई थी। जो की 30 दिनों से अधिक का समय बीत जानें के वावजूद भी प्राप्त नहीं हुई।

इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतू जब आवेदक द्वारा स्कूलों के प्रचार्यों से संपर्क किया गया तो कुछ ने कॉल नही उठाया तो कुछ व्यस्त होने का हवाला देते हुए बात करने से कतराते दिखे। वही अखबार में मामले की खबर छपते ही तिलमिलाए जिम्मेदारों ने कॉल कर बताई वजह किस कारण आवेदन का जवाब नहीं दिया गया

कुछ स्कूलों से उपलब्ध हुई जानकारी

खबर प्रकाशन के बाद अधिकांश स्कूलों के प्राचार्य ने अपनी सफाई में आवेदक को बताया की वह अपने निजी कार्यों में बिजी थे जिस कारण समय पर उन्होंने जानकारी उपलब्ध नहीं करा सके। लेकिन शीघ्र ही जानकारी उपलब्ध करा दी जाएगी। वही इसके अतिरिक्त कुछ स्कूलों के प्राचार्य द्वारा आवेदक को जानकारी उपलब्ध करा दी गई है। आखिर किसके सहयोग तथा संरक्षण में कन्या हाई स्कूल गणेशगंज के जिम्मेदार निश्चिंत और बेखौफ है। आवेदक द्वारा शीघ्र ही उच्च अधिकारियों के समक्ष शिकायती पत्र प्रस्तुत किया जाकर चाही गई जानकारी उपलब्ध कराए जाने तथा स्कूल में विगत वर्षों से किए गए वित्तिय लेन देन की विधिवत् जांच किए जाने सम्बंधी मांग की जाएगी।

संकुल के जिम्मेदार अब तक बेसुध

उपरोक्त मामले की खबर प्रकाशन के बाद कुछ प्राचार्य तो जागे और अपना पक्ष रखा। परंतु शासकीय कन्या हाई स्कूल गणेशगंज के जिम्मेदार विगत दो माह से अब तक बेसुध है उन्होंने आवेदक को न ही जानकारी उपलब्ध कराई है और न ही आवेदन पत्र का जवाब प्रस्तुत किया । उन्हें किसी भी बात का कोई फर्क ही नहीं पड़ा । इस तरह के हालात आज शिक्षा विभाग में देखने को मिल रहे हैं। जहां सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 (आरटीआई) की खुली धज्जियां उड़ाई जा रही है। स्कूल प्रशासन की इस लापारवाही से कहीं न कहीं शक किया जाना तो लाजमी है कि स्कूल में बहुत भारी वित्तीय अनियमितताएं बरती गई है। और यदि ऐसा कुछ नहीं हुआ तो फिर समय रहते चाही गई जानकारी या आवेदन पत्र का जवाब क्यों नहीं दिया गया?

जूता चप्पल दूकान में लगी आग लाखों का माल जलकर हुआ खाक

छपारा नवभारत। विकास खंड के ग्राम भीमगढ कालोनी में बीती 7 जून दिन रविवार को ग्राम के बाजार स्थित बोधसिंग अहिरवार की जूतों और चप्पलों की दुकान में रात्रि लगभग 10 बजे अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई देखते ही देखते पूरी दूकान को भीषण आग ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे दूकान संचालक की मानें तो लगभग 4 लाख रुपए का दूकान के अंदर रखा सामान जलकर राख हो गया और उसे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है वहीं बीती रात जैसे ही आग लगने की सूचना छपारा नगर परिषद फायर ब्रिगेड वाहन को लगी तत्काल मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया जा सका परंतु तब तक सब जलकर राख हो चुका था। वहीं अभी तक इस आग लगने की घटना का कारणों का स्पष्ट नहीं हो पाया है जिसकी शिकायत समीप भीमगढ पुलिस चौकी पर दर्ज करवाई गई है वहीं पूरे मामले पर पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई है।

श्री श्याम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 15 से

सिवनी नवभारत। श्री श्याम बाबा एवं शिव परिवार का भाव प्रमाण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 15 जून से 17 जून तक श्री श्याम मंदिर ऑरेंज सिटी गुरुकुल स्कूल के सामने नागपुर रोड सिवनी में आयोजित किया गया है इस संबंध में समिति के प्रमुख सत्यनारायण अग्रवाल मनीष अग्रवाल प्रकाश अग्रवाल संजय मोदी गुड्डा अग्रवाल रतुल अग्रवाल गंगाधर पाराशर पवन अग्रवाल लखन अग्रवाल विकास अग्रवाल विशाल ईश्वर का दीपक अग्रवाल कान्हा अग्रवाल मनु मोदी की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें 15 जून को प्रात: गणेश गौरी पूजन जल दिवस सुगंधितवास हवन पूजन संगीत में सुंदरकांड पुष्पा दिवस एवं शाम को भजन संध्या भव्य श्रृंगार भव्य दरबार श्याम रसोई रखी गई है इसी तरह 16 जून को प्रात: 10 बजे अन्ना दिवस फलादिवस हवन पूजन कलश एवं निशांत यात्रा दोपहर 4 से निकाली जावेगी।

आरोप निर्माण कार्य की राशि, पूर्ण होने की तिथि का उल्लेख भी नहीं, मौके पर नहीं मिला कोई इंजीनियर, न सुपरवाईजर

जेवनारा से पां . छपारा के बीच बन रहे पुल में अनियमितताएं

उगली नवभारत। विधानसभा केवलारी की उप तहसील उगली के अंतिम सीमा क्षेत्र पर स्थित पां. छपारा क्षेत्र इस क्षेत्र के अंतर्गत 12 ग्राम पंचायत का समावेश है,कैपिटल पां. छपारा जहां पर अस्पताल, डाकघर, बिजली विभाग,वन विभाग और हायर सेकेंडरी स्कूल, ग्रामीण बैंक, साप्ताहिक बैठकी बाजार आदि सुविधाएं लगभग हैं,अत: इसके आसपास के ग्रामीण अंचलों को पां. छपारा बाजार का ही रुख करना पड़ता है।

पांडिया छपारा से निकट ग्राम पंचायत जेवनारा के मध्य प्रवाहित बघेड़ा नाला जो विगत एक दो वर्ष पूर्व पीडब्ल्यूडी के सड़क मार्ग पर स्थित पुलिया पानी के कटाव और तीव्र बहाव की वजह से बह जाने के कारण उच्च स्तरीय पुल माननीय पूर्व विधायक साहब की अनुशंसा पर स्वीकृत किया गया है। यह कितनी राशी से इसका निर्माण कार्य हो रहा है, इसका उल्लेख ना ही कार्य प्रारंभ की तिथी ना ही निर्माण की अंतिम तिथी का उल्लेख है।

जिसका निर्माण कार्य लगभग अंतिम चरणों की ओर अग्रसर है, अभी तीन- चार दिवस पूर्व क्षेत्रिय संवाददाताओं ने इस पुल का निरीक्षण किया तो यहां पर लोहा बांधने का कार्य तीव्र गति से चल रहा था,उपस्थित मजदूरों से पूछने पर पता चला कि ना कोई साइड इंजीनियर मौके पर उपस्थित रहते हैं,ना ही कोई सुपरवाइजर इतना ही नहीं भीषण गर्मी में ना इस पुल की तराई ढंग से हो रही है, प्राप्त जानकारी के अनुसार नाला क्षेत्र से ही रेत का इस्तेमाल करके ठेकेदार रॉयल्टी रेत के बिल लगाकर निम्न स्तर की पुलिया निर्माण करते नजर आ रहे हैं,

सुरक्षा के दृष्टिकोण से किसी प्रकार के कोई कार्य प्रगति पर है, स्लोगन वाले बोर्ड चिन्हित नहीं है, भीषण गर्मी और जल संकट के मध्य मात्र एक छोटा सा पानी के टैंकर के सहारे से इस उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है,

प्राप्त जानकारी के अनुसार बालाघाट जिले की लामता निवासी आशीष जायसवाल इनकी प्राइवेट कंपनी जायसवाल कंस्ट्रक्शन के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी में इस पुल का ठेका जायसवाल कंस्ट्रक्शन को दे दिया है, जिनमें एक साइड सुपरवाइजर से इस संदर्भ में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उगली के निकट ग्राम मोहबर्रा और सारसडोल के मध्य भी एक पुलिया का निर्माण कार्य हो रहा है,अत: में दोनों पुलियों का निरीक्षण करता हूं,वर्तमान में अभी इंचार्ज में ही हूं लेकिन मोहबर्रा सारसडोल पुलिया और पां. छपारा से जेवनारा के मध्य उच्च स्तरिय पुल में इस्तेमाल होने वाले वही के लोकल नाला क्षेत्र से डस्ट वाली रेत का इस्तेमाल कर निम्न गुणवत्ता के साथ पुलों का निर्माण कार्य जारी है.

प्रगति उत्सव में शहनाज अख्तर ने भजनों की दी प्रस्तुति

बरघाट नवभारत। नगर में 6 जून दिन शनिवार को रात्रि 8:00 बजे से सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने बरघाट में भजन संध्या कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति देकर सुमधुर आवाज में सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किये।

उक्तशय की जानकारी देते हुए सीडवर्क्स इंटरनेशनल लिमिटेड कंपनी के रायलेश चौधरी ने बताया कि प्रगति उत्सव कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर को बरघाट आमंत्रित किया गया था, इस अवसर पर सीडवर्क्स इंटरनेशनल लिमिटेड, स 362 के प्रगति उत्सव में यू एस एग्रीसीड्स के अधिकारी ,फसल मैनेजर सुरभि मैडम (हैदराबाद), संभागीय मैनेजर संजय जाट सर, जिला अधिकारी रंजीत ठाकुर और रायलेश चौधरी, रुदेंद्र गौतम मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम में यू एस एग्रीसीड्स द्वारा किसानों को 10 स्प्रे पंप, 5 सायकिल, और फ्रिज ईनाम के रूप में किसानों को दिया गया। सीडवर्क्स इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा आयोजित प्रगति उत्सव जिसमें यू एस 362 धान की किस्म के द्वारा कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर जी अपनी सुमधुर आवाज में भजन प्रस्तुत कर उपस्थित भक्त जनों को झूमने को मजबूर कर दिया, सभी भक्तों ने प्रगति उत्सव कार्यक्रम में भरपूर आनंद उठाया।

कार्यक्रम के दौरान मंच पर नगर परिषद बरघाट के विधायक प्रतिनिधि सुजीत सिंह सूर्यवंशी ने सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर को अभिनंदन पत्र भेंट कर स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर उपस्थित नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती ईमरता साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर, मनोहर धनेश्वर (सिविल अस्पताल विधायक प्रतिनिधि) ,सत्यांश भट्ट भट्ट (विधायक प्रतिनिधि आईटीआई) सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी शहनाज अख्तर का स्वागत व सम्मान किया।